




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 120 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 10 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया




## छह दिन से गांव में विद्युत सप्लाय बंद, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

### टीआई दिनेश प्रजापति ने भरोसा दिलाया तो हटे ग्रामीण

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ थाने के ग्राम बेलारा में किसानों ने 6 दिन से खेत पर बिजली सप्लाय नहीं होने को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। टीआई दिनेश प्रजापति ने समझाईश दी, जिसके बाद ग्रामीणो ने जाम हटाया।

जानकारी के अनुसार करंडिया और बापच्या गांव में छह दिनों से खेत पर बिजली सप्लाय बंद है। जिसके कारण किसान खासे परेशान है। आक्रोशित लोग शुक्रवार सुबह बेलारा पहुंचे और यहां जाम लगा दिया। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। इधर सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बातचीत कर बिजली विभाग के अधिकारियों से भी चर्चा की गई। बाद में दो घंटे में बिजली सप्लाय शुरु करने का आश्वासन दिया गया। तब कहीं जाकर स्थिति सामान्य हुई।

## करंट लगने से किसान की मौत

**नीमच, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र के गांव बमोरी में शुक्रवार सुबह एक हादसा हो गया। यहां सिंचाई करने खेत पर गए एक युवा किसान की करंट लगने से मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक अंकित पिता नंदकिशोर पाटीदार निवासी बंबोरी उम्र 25 वर्ष सुबह अपने खेत पर सिंचाई करने के लिए गया था। इसी इसी दौरान करंट के संपर्क में आ गया और उसकी मौत हो गई। इसके बाद वह जमीन पर ही पड़ा रहा। बाद में जब मृतक का भाई खेत पर गया, तो उसने अंकित को जमीन पर पड़ा देखा और करंट के संपर्क में आना पाया। इसके बाद उसने घटना की जानकारी परिजनों और ग्रामीणों की दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नीमच के बड़े अस्पताल भेजा। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# जान और माल दोनों की सुरक्षा पर सवाल..?

## मैरिज रिसोर्ट में न आग से बचाव न सामान की सुरक्षा

### पानी की केन और बर्तन, रूपयों व ज्वेलरी से भरे बेग सहित बड़े हाथ मार रहे बदमाश

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के ज्यादातर मैरिज गार्डन कई मापदंडों को पूरा नहीं कर रहे। हाल ही में एक बार फिर हर्ष विलास में हुई चोरी के बाद ऐसे रिसोर्ट में सामान की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह पहला मामला नहीं है जब हर्ष विलास में चोरी की वारदात हुई है। अन्य रिसोर्ट में भी वारदातें सामने आ चुकी है। यह तो बड़ी चोरी होने के कारण मामले सामने आ रहे हैं। लेकिन, पानी की केन और बर्तन जैसी चीजें हर शादी में चोरों के निशाने पर होती है। यह तो माल की बात हुई। अब बात करें जान की तो आगजनी की बड़ी घटना हो जाए तो इसकी भी सुरक्षा की गारंटी नहीं है। अधिकांश मैरिज गार्डन ने फायर एनओसी नहीं ली है। इसका कारण है कि फायर एनओसी के लिए कई मापदंडों को पूरा करना होता है।

### छोटी-मोटी चोरियां नजर अंदाज...

कई मैरिज गार्डन पानी की केन और बर्तन चोरी होने को लेकर बदनाम है। खैर यह मामला ज्यादा हाईलाईट नहीं होता। इसका कारण है कि लाखों खर्च करने वाला परिवार चार पांच हजार की चोरी को शादी की थकान में भूल जाता है। कहीं न कहीं रिसोर्ट से जुड़े कर्मचारियों पर भी इस तरह की घटनाओं से सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा हर्ष विलास में हुई चोरी की वारदात पहली नहीं है। इसके पहले भी कई घटनाएं यहां हो चुकी है। अन्य रिसोर्ट में भी चोरी के वारदात के बाद चोरो के सिर्फ सीसीटीवी फूटेज ही मिले है। अधिकांश में आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े है।

### फायर एनओसी जरूरी...

खासबात यह है कि शहर के इक्का-दुक्का मैरिज गार्डन को छोड़ दे तो सभी ने फायर एनओसी नहीं ली है। दूसरी तरफ नगर पालिका ने भी इन मैरिज गार्डनों की जांच नहीं की है कि वे नियमानुसार चल रहे हैं या नहीं। चूंकि देश भर में पिछले कुछ महीनो में आग की वजह से कई बड़े हादसे हो गए हैं और मैरिज रिसोर्ट में आग की आशंका बनी रहती है। लेकिन, नपा या प्रशासन ने यह प्रयास नहीं किया है कि इनके पास आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम हैं या नहीं। मैरिज गार्डनों के लिए शासन-प्रशासन ने गाइड लाइन जारी की हुई है। जिनके मुताबिक ही मैरिज हाउसों को संचालित किया जाना है। लेकिन, मैरिज हाउस गाइड लाइन के मुताबिक संचालित नहीं हो रहे है। यही वजह है कि आग से सुरक्षा के इंतजाम भी मैरिज गार्डन संचालकों ने नहीं किए हैं। चूंकि शादी का माहौल रहता है ऐसे में गार्डनों में आग आदि लगने की आशंका बनी रहती है।

### गाइडलाइन की परवाह नहीं करते संचालक...

शासन-प्रशासन के नियम बनते ही तोड़ने के लिए है। यह बात मंदसौर में सच साबित हो रही है। यहां सीधे सीधे नियमों की अनदेखी की जा रही है। यहां तक कि संबंधित विभाग भी नियमों का पालन कराने में लाचार और बेबस नजर आ रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग ने मैरिज गार्डनों के लिए गाइड लाइन बनाई जो जनवरी 2021 में जारी हुई और मार्च माह में लागू हो गई। लेकिन, उस पर अमल नहीं हो रहा है। तीन साल बीतने को है लेकिन एक-दो को छोड़ एक भी मैरिज गार्डन का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका है। मैरिज गार्डन संचालक नई गाइड लाइन की रजिस्ट्रेशन की परवाह किए बिना समारोह की बुकिंग कर धड़ल्ले से मोटी कमाई में लगे है। नगर पालिका भी इनसे गाइडलाइन का पालन करवाना तो दूर टोकने की तक हिम्मत नहीं दिखा पा रही है। कुछ मैरिज गार्डन के बाहर तो समारोह में आने वालों के वाहनों की कतार लगी दिखाई दे रही है। सड़क पर वाहन खड़े होने से आमजन को आवाजाही में परेशानी हो रही है। लेकिन, कार्रवाई के नाम पर नगर पालिका राजस्व विभाग से संचालको को सिर्फ पत्र जारी कर रजिस्ट्रेशन कराने की गुहार लगाई जा रही है।

### यह करना होता है मैरिज गार्डन संचालकों को...

मैरिज गार्डन संचालकों को अपने यहां आग से बचाव के लिए अग्निशमन यंत्र, रेत आदि का इंतजाम करके रखना होता है। आग रोकने के इंतजाम के साथ साथ उन्हें नगरनिगम से फायर एनओसी लेना होती है। जब नपा या नगरनिगम के अफसरों को पूरे इंतजाम मिलते हैं तो वे एनओसी जारी कर देते हैं।



### गार्डन संचालन के लिए नई गाइडलाइन में यह है प्रावधान...

* कुल क्षेत्रफल का 25 फीसदी क्षेत्र पार्किंग के लिए आरक्षित होगा। * हर वह प्राइवेट प्रॉपर्टी जहां पर 50 से अधिक लोगों का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है, मैरिज गार्डन माना जाएगा। * यदि मैरिज गार्डन का रजिस्ट्रेशन नहीं कराएगा तो उसे अवैध घोषित करके तोड़ दिया जाएगा। * मैरिज गार्डन का रजिस्ट्रेशन शुल्क क्षेत्रफल के अनुसार निर्धारित किया जाएगा। * मैरिज गार्डन में साफ.-सफाई, वाहन एवं नागरिकों की सुरक्षा एवं अग्निशमन के उपकरण रखने होंगे। * लगभग 12 हजार रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क के साथ साल के 750 से 10 हजार रुपए उपभोक्ता शुल्क भी भरना पड़ेगा। * हर तीन साल में रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण कराना होगा। * नियमों का उल्लंघन करने पर 10 हजार रुपए तक जुर्माना लगेगा।

### यह करते हैं मैरिज हाउस संचालक...

शहर में के अधिकांश मैरिज गार्डन संचालित करने वालो ने अपने यहां आग से बचने के इंतजाम नहीं किए हैं। साथ ही उन्होंने नपा से एनओसी के लिए भी आवेदन नहीं किया है। क्योंकि एनओसी के लिए आवेदन करने से पहले उन्हें अपने यहां व्यवस्था करनी होती है।

## ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**नीमच, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावद थाना क्षेत्र मोरका गांव के समीप गुरुवार रात एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से तत्काल नीमच के बड़े अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जावद निवासी युवक ताहिर और हमजा किसी काम से नीमच जा रहे थे। इसी दौरान मोरका गांव के समीप युवकों की बाइक ट्रैक्टर से जा टकराई। जिससे दोनों युवक घायल हो गए। मामले में पुलिस ने भादंसं की धारा 279, 337 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## चाचा और चचेरा भाई करते थे प्रताड़ित, परेशान होकर गुजरात चली गई थी नाबालिग

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पिता की मौत के बाद से चाचा और चचेरा भाई मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। इसलिए 9 वर्षीय मासूम परेशान होकर गुजरात चली गई। दाहोद से पुलिस ने उसे दस्तयाब किया है। वहीं बाप-बेटों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि 01 फरवरी 24 को फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग भतीजी के गुम होने की सुचना थाने पर दी थी। मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरु की गई। 8 फरवरी 24 को अपहृत नाबालिग पीड़िता को दाहोद गुजरात से दस्तयाब किया गया। बालिका से पूछताछ करते जानकारी मिली कि बालिका के माता पिता नही है। एक महीना पहले बालिका के पिता की मृत्यु होने से बालिका व उसके दो नाबालिग भाईयो को काका खुमानसिह अपने साथ लाया था। तब से ही काका व उसके लड़के अर्जुन द्वारा घर का सारा काम करवाना, बेवजह पाईप डण्डो से मारपीट करना, शारीरिक मानसिक यातनाएं देना बताया। घटना दिनांक को भी अर्जुन द्वारा पाईप से मारपीट करने से बालिका परेशान होकर दाहोद चली गई थी। बाद प्रकरण मे काका खुमानसिह व पुत्र अर्जुनसिह के विरूद्ध धारा 323, 294, 506, 34 भादवि व किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 का इजाफा किया गया। बाद बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाकर बालिका अपने घर नही जाना चाहती थी, जिसे अपना घर मंदसौर में छोड़ा गया।

## टेम्पो की टक्कर से साइकल सवार घायल

**पिपलियामंडी, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोडिंग टेम्पो की टक्कर से साइकल सवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार खात्याखेड़ी मार्ग पर साइकल से पिपलिया आ रहे बरखेड़ापंथ निवासी पिंकेश उर्फ पंकज पिता जगदीशचन्द रत्नावत को लोडिंग ऑटो क्रमांक (एमपी 14 एलसी 1631) के ड्राइवर ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। जिससे पिंकेश के नाक, कान व सिर में चोंटे आई। अजय रत्नावत की रिपोर्ट पुलिस ने लोडिंग टेम्पो ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

## देवनारायण मंदिर से छत्र व घड़ियाल चोरी

**पिपलियामंडी, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव खोखरा देवनारायण मंदिर से चांदी के 6 छत्र व 7 घड़ियाल चोरी हो गए। गांव खोखरा देवनारायण मंदिर पुजारी श्यामलाल पिता रतनलाल मेघवाल ने पिपलिया पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि शुक्रवार सुबह मंदिर गया तो ताला टूटा हुआ था, अन्दर जाकर देखा तो देवनारायण भगवान के 6 चांदी के छत्र व 7 घड़ियाल नही थे। पुलिस ने मामला जांच में लिया।



## तीन मंजिला मकान में आग लगी

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे स्टेशन कि पीछे स्थित शांतनु विहार में स्थित एक तीन मंजिला मकान में आग लग गई। जब लोगो ने मकान की दूसरी मंजील से धुआ निकलते हुए देखा तो तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर फायटर ने समय पर आकर आग पर काबू पाया। हालांकि, मकान में ताला लगा होने से यह पता नहीं चल पाया कि आग कैसे लगी और कितना नुकसान हुआ है।

## पांच साल से फरार वारंटी को दबोचा

**नाहरगढ़, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नीमच के प्रकरण में वर्ष 2019 से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी अशोक पिता प्रभुलाल धनगर (गायरी) उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम रणायरा तहसील सीतामऊ को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे जैल भेज दिया गया।

नाहरगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी अशोक धनगर वर्ष 2019 से फरार चल रहा था व न्यायालय व्दारा आरोपी अशोक का भरण पोषण राशि 3 लाख 68 हजार रूपये का कुर्की गिरफ्तारी वारन्ट जारी किया गया था। जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय मंदसौर से तामिली हेतु थाना नाहरगढ़ पर प्राप्त हुआ था। उक्त वारन्ट की तामिली हेतु सुश्री कीर्ती बघेल एसडीओपी मंदसौर ग्रामीण के निर्देश में थाना प्रभारी निरीक्षक आरसी दांगी द्वारा एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर कार्यवाही करते हुये गिरफ्तारी वारन्टी अशोक धनगर को रूपनी चौपाटी से गिरफ्तार कर नीमच न्यायालय में पेश किया गया।

## शीत लहर से बढ़ी ठिठुरन


### फिर बदलेगा मौसम, बादल छाए रहेंगे

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** उत्तरी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। शीतलहर के चलते तापमान में 2-3 डिग्री तक की गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम जानकारों के अनुसार अगले दो-तीन दिन ठंड का दौर बना रहेगा। इसके बाद एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो रहा है। इससे एक बार फिर मौसम में बदलाव आएगा। हालांकि इसका ज्यादा असर पूर्वी क्षेत्र में रहेगा। लेकिन, पश्चिमी क्षेत्र में बादल छाए रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया, अभी प्रदेश में उत्तरी हवाएं चल रही हैं। इससे दिन में हल्के बादल और ठंडक है। रात का तापमान भी 2 से 3 डिग्री तक लुढ़क गया है। अगले 24 घंटे में रात के तापमान में और गिरावट रहेगी। वहीं, साइकोनिक सकुर्लेशन सिस्टम की वजह से दो दिन बाद 11 फरवरी से प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इस दिन जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग में कुछ हिस्से में बूंदाबांदी होने का अनुमान है।

## कई घरों के ताले चटकाए, दो बाईक भी उठा ले गए

**दलौदा, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा थाने के मुख्यालय दलौदा के पद्मिनी कालोनी एवम शांतिनाथ विहार क्षेत्र में बदमाशो ने 3 -4 मकानों के ताले चटका डाले। लेकिन, बदमाश किसी भी प्रकार का घर के अंदर से सामान चोरी करने में असफल रहे। इस दौरान बदमाश पद्मिनी कालोनी में घर के बाहर रखी दो बाइकश्ले जाने में सफल रहे।

जानकारी के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात्रि में नगर की फोरलेन मार्ग से लगी हुई कालोनी में चोर घुसे और गजेंद्र सिंह, रघुवर सिंह, पवन तिवारी सहित एक अन्य के मकान का ताला तोड़ा। लेकिन मकान के अंदर चोरों को ऐसा कोई कीमती समान नहीं मिला, जिसे वे ले जा सके। कालोनी में एक मकान के सामने रखी दो बाइक जरूर ले जाने में बदमाश सफल हुए। फरियादी राजेश पिता श्रवण कुमार सोनी उम्र 30 वर्ष निवासी दातारामगढ़ जिला सीकर राजस्थान एवम संदीप पिता पुरणमल यादव उम्र 32 वर्ष निवासी कालियावास जिला सीकर राजस्थान दोनो का निवास हाल मुकाम पद्मिनी कालोनी दलौदा की बाइक चोरी हुई। राजेश सेनी की बाइक हीरो आई स्मार्ट यूपी 76 एबी 8545 एवम हीरो स्पेलंडर आरजे 23 एसपी 8036 बदमाश घर के बाहर से उठा ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।



## प्रेमी के साथ मिलकर रची थी पति की हत्या की साजिश

### नौकर और दोस्त के साथ मिलकर प्रेमी ने किया मर्डर

**मंदसौर/नीमच, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक का शव नीमच के जीरन थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेडा सौंधिया रोड के पास खाई किनारे मिला था। यहां हत्या कर शव को फेंक दिया गया। पुलिस ने हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची। प्रेमी ने अपने नौकर और दोस्त के साथ मिलकर प्रेमिका के पति को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नि, उसके प्रेमी सहित चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



जीरन थाना टीआई गिरीश जैजुरकर ने बताया कि बीती 7 फरवरी को को ग्राम बरखेड़ा सौंधिया रोड के पास खाई किनारे सुंदरलाल गुर्जर पिता रामेश्वर गुर्जर उम्र 32 साल निवासी खेरखेड़ा थाना मल्हारगढ़ जिला मंदसौर का शव पाया गया। घटना स्थल निरीक्षण से प्रथम दृष्ट्या हत्या का मामला प्रतित हुआ। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई। पुलिस कप्तान श्री अमित तोलानी के निर्देश पर पुलिस ने प्रकरण में मृतक के संबंध में बारिकी से जानकारी प्राप्त कर अपने स्त्रोतो से जानकारी प्राप्त की। जिसमें पाया की मृतक की पत्नी विद्याबाई गुर्जर का ग्राम खेरखेड़ा के रामनारायण गुर्जर के बीच प्रेम संबंध है। शंका और मुखबीर सूचना पर संदेही रामनारायण गुर्जर को हिरासत में लेकर बारिकी से पूछताछ की गई। जिसमें उसने बताया कि उसके व विद्या के बीच दो साल से प्रेम संबंध थे। विद्याबाई व रामनारायण दोनो के प्रेम संबंध की बात मृतक सुदंरलाल को पता थी। इसी बात को लेकर विद्याबाई व सुंदरलाल के बीच लड़ाई झगड़ा होता था।

### इस तरह किया मर्डर...

एक माह पहले विद्याबाई व रामनारायण गुर्जर ने मिलकर सुंदरलाल गुर्जर को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। रामनारायण ने हत्या के लिए उसके दोस्त धमेन्द्र मालेचा निवासी मल्हारगढ़ व हाली लखन मेघवाल निवासी खेरखेडा को बताई व धमेन्द्र व लखन को रूपयों का लालच देकर हत्या के लिए तैयार किया व योजनाबद्ध तरीके से तीनो ने मिलकर सुंदरलाल को अपनी कार हुंडई एसेंट जीजे 06 एलके 9310 में बैठाकर विश्निया मगरे पर लेकर गए। तीनो ने मिलकर सुंदरलाल पर चाकू, पत्थर से वार कर हत्या कर दी।

### सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश...

हत्या के बाद आरोपियों ने विद्याबाई को खबर की और लाश को कार की डिक्की में रखकर योजना अनुसार लाश व मृतक की मोटर साईकिल में तोड़फोड़ कर तालखेडा व बरखेडा सोधिया के बीच खाई में फेक दिया ताकि घटना एक्सीडेंट की लगें। फिर विद्याबाई ने लोगों को गुमराह करने के लिए सुरेश पाटीदार और कारूलाल पाटीदार को रात में फोन कर मृतक सुरंदलाल के तालखेड़ा जाने का बोला, ताकि किसी को उस पर शका नहीं हो।



### स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्मदिवस कल मनाया जाएगा

**पिपलियामंडी, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आर्य समाज पिपलियामंडी के अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र आर्य ने बताया कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती का 200वां जन्मदिवस पूरे वर्ष मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आर्य समाज पिपलियामंडी में दिनांक 11 फरवरी, रविवार को प्रात: 9 से 12 बजे तक स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्मदिन मनाया जाएगा। जिसके तहत बहु कुण्डीय यज्ञ, भजन आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम पश्चात् भोजन प्रसादी होगी। आर्य समाज मंदसौर के अध्यक्ष श्री मधुसूदन आर्य, वेदप्रकाश आर्य, अम्बालाल कारपेंटर, बंशीलाल आर्य द्वारा निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में स्वामी दयानन्द सरस्वती के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रमों में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

# जिले की प्रगति का आधार है सहकारिता-हरसोला

## केंद्रीय सहकारी बैंक में ग्राहक मिलन समारोह संपन्न, किसानों और अमानतदारों को सम्मानित किया







**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** हमारे क्षेत्र में सहकारिता की जड़ें बहुत गहरी हैं और सामूहिकता के साथ जिले की प्रगति का आधार भी है , व्यापक स्तर पर सहकारी बैंक से जुड़ाव बना हुआ है इसे मजबूत करें और प्रचलित योजनाओं का लाभ उठायें यह कहा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मंदसौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अरुण कुमार हरसोला ने। आप गत दिवस जिला मुख्यालय की तीन बैंक शाखाओं के वार्षिक ग्राहक मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे । इस अवसर पर ओद्योगिक शाखा, बैंकिंग शाखा और सिटी ब्रांच क्षेत्र से जुड़े किसान, ऋण प्राप्तकर्ता, अमानतदार, युवा उद्यमी, महिला खातेदार डी संख्या में उपस्थित थे।

सीईओ श्री हरसोला ने जानकारी में अवगत कराया कि मंदसौर नीमच जिले में सहकारी बैंक की 35 शाखाओं और 172 प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं में हर वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है । शून्य प्रतिशत दरों पर किसानों , पशुपालकों , फ़िशरमेन आदि को क्रेडिट कार्ड से ऋण उपलब्ध है । इसके साथ कृषि आदानों , पशुओं की खरीद पर भी मध्यकालीन कृषि ऋण योजना प्रचलित है , इसके अलावा गैर कृषि क्षेत्रों व्यापार , भूमि , आवास के साथ व्यक्तिगत ऋण सुविधा प्रदान की जारही है , आपने उपस्थित जन के साथ मंदसौर नीमच जिले के समस्त जुड़े वर्ग से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की । तीन सहकारी बैंक शाखाओं के प्रतिनिधि अमानतदारों , किसानों , महिला ग्राहकों को बैंक प्रबंधन द्वारा शॉल श्रीफ़ल और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया । ग्राहक मिलन समारोह में बैंक खातेदारों वीरेंद्रसिंह पुरावत , श्रीमती सुशीला चौहान , मुकेश काला , प्रकाश पारिख , डॉ घनश्याम बटवाल , बैंकिंग प्रबंधक राजेन्द्र गुप्ता , लोकेंद्र कुमावत , सिटी ब्रांच प्रभारी श्रीमती भारती चौहान आदि ने समस्याओं के साथ सुझाव प्रस्तुत किये । सीईओ श्री हरसोला ने त्वरित समाधान के लिए आश्वस्त किया । विभिन्न क्षेत्रों से आये बैंक खातेदार डॉ श्वेता पांडेय , रूपेंद्र पण्ड्या , आशीष गुप्ता , सुशील बरानिया , गोपाल कुमावत , पंडित पुरुषोत्तम जोशी , सुश्री ज्योत्सना परमार सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे , बैंक प्रबंधन द्वारा सभी का सम्मान किया गया । ग्राहक मिलन समारोह संचालन और आभार ओद्योगिक शाखा प्रबंधक नरेंद्रसिंह चंद्रावत ने किया।



# अवैध एवं बिना डिग्री वाले दंत चिकित्सक कर रहे हैं लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

## कार्यवाही की मांग को लेकर मंदसौर डेंटल एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विगत कुछ वर्षों से मंदसौर शहर और उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से बिना डिग्री वाले एवं अवैध लोग गलत तरीके से लोगों के दांतों का इलाज कर रहे हैं। ऐसे लोग बिना किसी उपयुक्त ज्ञान एवं अनुभव के लोगों को मूर्ख बनाकर उनके दांतों का गलत तरीके से इलाज कर रहे हैं जिससे गंभीर बीमारियां जैसे एचआईवी, हेपेटाइटिस एवं कैंसर आदि फैल रही हैं।

इन्हीं समस्याओं को लेकर मंदसौर डेंटल एसोसिएशन से जुड़े सर्टिफाइड दंत चिकित्सक 9 फरवरी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.एस. चौहान से मिले एवं उनको ज्ञापन देकर इस समस्या के बारे में अवगत कराया। ज्ञापन के माध्यम से यह भी बताया गया कि मंदसौर जिले में अवैध तरीके से 3 से 4 डेंटल एम्बुलेंस भी घूम रही है जो कि गांव-गांव जाकर गलत तरीके से लोगों का इलाज कर रहे हैं जो की पूर्ण तरीके से अवैधानिक है और गैरकानूनी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.एस. चौहान ने आश्वासन दिया है कि ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी एवं ऐसे अवैध क्लीनिक को तुरंत बंद किया जाएगा। ज्ञापन देते हुए समय मंदसौर डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विजय पाटीदार, सचिव डॉ. अलीम कुरैशी, सहसचिव डॉ. यश मित्तल सहित 50 से अधिक सर्टिफाइड दंत चिकित्सक उपस्थित रहे।

# एफएलएन मेले के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ रही है-जैन

## कलेक्टर ने नयागांव के एफएलएन मेले में विद्यार्थियों से किया संवाद



**नीमच, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर दिनेश जैन ने शुक्रवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय नयागांव में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार आयोजित एफ.एल. एन.मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया और विद्यार्थियों व्दारा की जा रही शारीरिक विकास, संतुलन बनाकर चलने, कूदने, पेपर फोल्डींग बौद्धिक विकास के तहत मिलान, रंगों की पहचान, वर्गीकरण, क्रम से लगाने और भाषा विकास केतहत चित्र वाचन, शब्दों को पढने की क्षमता, गणित की पूर्व तैयारी, आकार पहचान, गिनना, अंक पहचान, जोडना, घटाना आदि गतिविधियों का निरीक्षण कर, अवलोकन किया और बच्चों के खेल-खेल में शिक्षा गतिविधियों की सराहना की।

इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, नगर परिषद अध्यक्ष श्री मुकेश जाट एवं डीपीसी सुश्री किरण आंजना, बीआरसी श्री राजबहादुर सिह व शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा उनके अभिभावक उपस्थित थे। एफ.एल.एन. मेले में बच्चों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने पूछा कि वे रोज स्कूयल आते है, तो सभी ने एक स्वर में उत्त र दिया हां सर रोज आते है। कलेक्टर ने पूछा कि स्कूल आना अच्छी लगता है, तो सभी बच्चों ने एक स्वोर में उत्तर दिया हां सर। कलेक्टर ने बच्चों से उनकी पढाई और मध्यान्ह भोजन वितरण की जानकारी भी ली। कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि खेल-खेल में शिक्षा से बच्चों की पढाई के प्रति रूचि बढ रही है, माता पिता का आव्हा न किया कि वे अपने बच्चों को रोज स्कूल भेजे और घर पर भी बच्चों पर ध्यान दें कि वे क्या सीख रहे है, पढ रहे है। एफ.एल.एन. मेले के माध्यम से बच्चों का मानसिक एवं शारिरीक तथा बौद्धिक विकास हो रहा है। वे पढाई के साथ-साथ अच्छी चीजें सीख रहे है। भाषा एवं गणित सीखने में बच्चो की रूची बढी रही है। कलेक्टर ने बच्चों व्दीरा तैयार किए गए विभिन्न मॉडल का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने बच्चों को चाकलेट एवं टाफियां वितरित की और मेले में उपस्थित बच्चो व शिक्षकों के साथ सेल्फी पाइंट पर सेल्फी भी ली।

# शक्ति वंदन, महिला स्व-सहायता समूह संपर्क अभियान हेतु सम्मान समारोह कल

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया, प्रदेश संयोजक लता वानखेड़े के निर्देशानुसार दिनांक 11 फरवरी 2024 रविवार को दोपहर 12 बजे नगरपालिका परिषद मंदसौर में मंदसौर एंव मल्हारगढ़ विधानसभा का शक्ति वंदन महिला स्व सहायता समूह संपर्क अभियान अंतर्गत सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। जिसमें वक्ता के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एंव शुजालपुर (जिला शाजापुर) नगरपालिका अध्यक्ष बबीता परमार, मंदसौर नीमच जावरा लोकसभा क्षेत्र सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, कार्यक्रम जिला प्रभारी एंव भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ.सुषमा आर्य, नगर पालिका अध्यक्ष मंदसौर रमादेवी गुर्जर, नगरपालिका उपाध्यक्ष मंदसौर नम्रता चावला उपस्थित रहेगें। इसी प्रकार साथ ही 12 फरवरी 2024 दोपहर 12 बजे सुवासरा विधानसभा का सम्मान समारोह पोरवाल धर्मशाला सुवासरा में आयोजित होगा जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता जी परमार, विधायक हरदीप सिंह डंग उपस्थित रहेंगे एंव दोपहर 02 बजे गरोठ विधानसभा का सम्मान समारोह विधायक कार्यालय गरोठ पर आयोजित होगा। जिसमें वक्ता के रूप में विधायक चंदर सिंह सिसोदिया उपस्थित रहेगें। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता ने कहा की जिले की समस्त महिला मोर्चा पदाधिकारीगण एंव कार्यसमिति सदस्यगण, मंडल कार्यसमिति सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगणों से आग्रह है की नियत समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

# गोस्वामी समाज के मृत व्यक्तियों की समाधि हेतु शासन ने भूमि आवंटित की

## आवंटित भूमि पर सर्वसमाज हेतु मुक्तिधाम का होगा निर्माण, वार्ड क्र. 26 के निवासियों को मिलेगी सुविधा

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गोस्वामी समाज शहर मंदसौर के अध्यक्ष शैलेन्द्रगिरी



गोस्वामी ने बताया कि शासन के आदेश है कि गोस्वामी समाज के मृत व्यक्तियों को दफनाने/समाधि हेतु हर शहर व गांव में जिला प्रशासन द्वारा भूमि आरक्षित कर प्रदान की जावे। इसी तारतम्य में उनके द्वारा माननीय जिला कलेक्टर में आवेदन देकर भूमि का आवंटन करने की मांग की गई थी। जिसके तहत जिला कलेक्टर द्वारा समाज को सर्वे नं. 3267 में से ढाई बीघा जमीन गोस्वामी समाज को प्रदान की गई है। जो कि वार्ड नं. 26 में सेंट थॉमस स्कूल के पीछे स्थित है। उक्त भूमि पर राजस्व रेकार्ड में गोस्वामी समाज का नाम भी दर्ज हो चुका है।

शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने बताया कि चूंकि वार्ड नं. 26 के क्षेत्रवासियों एवं आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के परिवार में कोई व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसका अंतिम संस्कार करने हेतु बड़ी पुलिया के नजदीक स्थित मुक्तिधाम जाना पड़ता है जो करीब 7-8 कि.मी. पड़ता है। बारिश के दिनों में काफी समस्या आती है। अंतिम यात्रा में वृद्ध व्यक्ति जा नहीं पाते है। इन सभी परेशानियों को देखते हुए गोस्वामी समाज को जो भूमि शासन द्वारा आवंटित की गई है उसमें ही सर्वसमाज के मृत व्यक्तियों के अंतिम संस्कार हेतु मुक्तिधाम बनाया जाएगा। जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को सुविधा होगी। इस स्थल पर मुक्तिधाम बनाने हेतु जो आवश्यक सुविधाएं जुटाना है उसके लिये उनके द्वारा विधायक श्री विपिन जैन को पत्र लिखा है। जिस पर विधायक श्री जैन ने जल्द ही मौका निरीक्षण कर उनकी ओर से मदद देने का आश्वासन दिया गया। श्री गोस्वामी ने बताया कि मुक्तिधाम हेतु जल्द ही समिति गठित कर उसका रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाएगा। समिति में गोस्वामी समाज व वार्ड नं. 26 के गणमान्य नागरिकों को सम्मिलित किया जाएगा। शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने बताया कि उक्त भूमि के आवंटन में विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया, जिला कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, अनुविभागीय अधिकारी श्री विकास चौहान, तहसीलदार श्री रमेश मसारे, हल्का पटवारी महेश पाटीदार, राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिला है जिसके लिये गोस्वामी समाज एवं वार्ड नं. 26 के निवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण में शिविर सम्पन्न



**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण अंतर्गत आज जिले के नगरीय निकाय क्षेत्र में शिविर का आयोजन हुआ। जिसके तहत मल्हारगढ़ के वार्ड नं. 11 गांधी मार्ग एवं नारायणगढ़ के वार्ड नं. 9 लीलाबाई फूलबाई मांगलिक भवनमें शिविर का आयोजन किया गया।विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने इसके लिये यात्रा में विभागों द्वारा योजना के संबंध में जानकारी दी । शिविर में स्वास्थ्य विभाग, उज्जवला योजना केंद्र, आधार पंजीयन केंद्र, आयुष्मान पंजीयन केंद्रएवं पीएम स्वनिधि केंद्रके स्टॉल भी लगाए गये।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा-2 गांधी चौराहा व तेजा जी प्रांगण में करेंगी भ्रमण**-कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-2, 10 फरवरी 2024 को पिपलिया मंडी के वार्ड नं. 15 गांधी चौराहा एवं नगरी के वार्ड नं 1 तेजा जी प्रांगण में भ्रमण करेंगी।

# सेजपुरिया में आयोजित हुआ एफएलएन मेला बच्चों ने दिया अपनी दक्षता का परिचय

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय सेजपुरिया में 9 फरवरी 2024 शुक्रवार को कक्षा पहली एवं दूसरी हेतु एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के शिक्षकों, ग्राम के सरपंच भगवंतीबाई पति विक्रम अहीरवार एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के समक्ष विद्यालय के बच्चों ने अपनी दक्षता का परिचय दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश फरक्या ने बताया कि एफएलएन मेले में कक्षा एक व दो में पढ़ने वाले बच्चों का रिपोर्ट कार्ड जारी किया जाता है जिसमें बच्चो की शारीरिक, मानसिक, भाषा विकास क्षमताओं का मूल्यांकन कर उन्हें दक्ष बनाया जाता है। विद्यालय की सहायक शिक्षिका लवली जैन ने बताया कि एफएलएन मेला एक पहल है जो बच्चों की शारीरिक, मानसिक भाषा, विकास आदि क्षमताओं का मूल्यांकन करना एवं उनके विकास गतिविधियों को सिखाती है। इस एफएलएन मेले में बच्चों को अपने अभिभावक को साथ में लेकर आना होता है। शुक्रवार को आयोजित एफएलएन मेले में 6 स्टाल लगाए गये थे जिसमें पांच स्टॉल में बच्चों ने गतिविधियां में भाग लिया एवं एक स्टॉल में पंजीयन किया गया। मेले में पहले स्टॉल पंजीयन के लिए था जिसमें बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया उसके बाद अन्य पांच स्टॉल शारीरिक विकास जिसमें संतुलन बनाकर चलना कूदना और पेपर फोल्डिंग के माध्यम से क्षमताओं का आंकलन किया गया। द्वितीय स्टॉल बौद्धिक विकास को लेकर था जिसमें मिलान, रंग पहचान, वर्गीकरण और क्रम से लगाना आदि गतिविधियां शामिल रही। तृतीय स्टॉल भाषा विकास को लेकर था। जिसमें चित्र में क्या हो रहा है आदि एवं पढ़ना जैसे शब्दों का पढ़ना, अक्षर का पढ़ना एवं वाक्य का पढ़ना शामिल रहा। चतुर्थ स्टॉल गणित की पूर्व तैयारी को लेकर था जिसमें आकार की पहचान जैसे त्रिभुज गोला, स्टार आदि गिनना, अंक पहचान एवं जमा घटा शामिल था। पंचम स्टॉल बच्चों का कोना जिसमें शारीरिक विकास जैसे रंग भरना, भाषा विकास जैसे अक्षर और सरल शब्द तथा मेरा नाम लिखना एवं सामाजिक व भावनात्मक विकास, भाव पहचान का था। इन समस्त गतिविधियां में बच्चों ने सहभागिता की एवं उनके प्रदर्शन के आधार पर एफएलएन मेले के रिपोर्ट कार्ड तैयार किया गया।

# समाधान आपके द्वार योजना के तहत सभी विभाग अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करवाये-जैन

## कलेक्टर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सोनकर ने की समाधान आपके द्वार शिविर तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश

**नीमच, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 24 फरवरी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुशांत हुद्दार के मार्गदर्शन में समाधान आपके द्वार योजना तहत लोक अदालत एवं शिविर का आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री विजय कुमार सोनकर की विशेष उपस्थिति में कलेक्टर श्री दिनेश जैन की अध्येक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में शुक्रवार को समाधान आपके द्वार योजनांतर्गत उक्त तिथि पर आयोजित शिविर में राजस्व, पुलिस, वन, विद्युत एवं नगरीय निकाय विभाग के शमनीय आपराधिक मामलों, न्यायालयों में प्रचलित राजीनामा योग्य मामलों तथा प्री-लिटिगेशन मामलों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी समझौते से निराकरण करने के संबंध में विभिन्नप विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम सुश्री नेहा मीना, सीएसपी नीमच श्री अभिषेक रंजन आईपीएस, डीएफओ श्री एसके अटोदे व जिला अधिकारी व उपखण्ड स्तरीय उपस्थित थे।



बैठक में बताया गया कि विभागवार प्रकरणों की प्रकृति में राजस्व विभाग के प्रकरण जैसे फसल हानि के लिये आर्थिक सहायता, कुएं या नलकूप के नष्ट होने पर दी जाने वाली सहायता, बंटवार आदेश के पश्चात नक्शों में बटांकन, तरमीम तथा तरमीम पश्चात अक्स नक्शा, भूमि का सीमांकन करना, सीमांकन विवादों का निपटारा, नामांतरण के मामलों के विवाद की दशा में सुलह, समझाईश से विवाद का निपटारा किया जावेगा। बंटवारा, उत्तराधिकार, अतिक्रमण प्रकरण, रास्ते, जल निकासी व जल स्त्रोत के उपयोग से संबंधित प्रकरणों का भी शामिल किया जा सकेगा। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री विजय कुमार सोनकर ने बताया कि समाधान आपके व्दावर योजना के तहत पुलिस विभाग के प्रकरण जैसे दण्ड प्रक्रिया संहिता (1860 का 45) की धाराओ के अधीन राजीनामा योग्य दण्डनीय अपराधों का शमन, धारा 320 (2) द.प्र.सं. से संबंधित राजीनामा योग्य प्रकरण, अन्य दाण्डिक अधिनियमतियों यथा- सूचना प्रौद्यौगिकी अधिनियम, 2000, मोटर यान अधिनियम 1988, परकाम्य लिखत अधिनियम 1881, म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915, लोक शांति भंग के मामले, साधारण मारपीट आदि से संबंधित राजीनामा योग्य प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। वन विभाग के प्रकरण में वे मामले, जिनका शमन भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 68 के अंतर्गत आते है। विद्युत विभाग के प्रकरण में विद्युत विभाग की सेवाओं यथा-कनेक्शन, मीटर बंद यो तेज चलने की शिकायत, बिल राशि राशि की वसूली व किश्त सुविधा आदि से संबंधित मामले, विद्युत चोरी या अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों से संबंधित मामले। नगरीय निकाय विभाग के प्रकरण में नगरीय निकाय से संबंधित सेवाओं जैसे-जलकर, संपत्तिकर, उपभोक्ता प्रभार एवं अन्य करों से संबंधित बकाया वसूली के प्रकरण।

इसी प्रकार अन्य प्रकरण दिवानी प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय से संबंधित प्रकरण, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे शमनीय प्रकरण, जो अभी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुये है।, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, गैस कनेक्शन, सी.एम, हेल्पलाईन, समग्र आई.डी. आदि के प्रकरण, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 22- बी में उल्लिखित जनउपयोगी सेवाओं के प्रकरणों का भी समाधान किया जावेगा। बैठक में बताया गया, कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए टीमों का गठन किया गया हैं। जिसमें लेबल वन में बीट गार्ड, आरक्षक प्रधान आरक्षक, पटवारी, कोटवार लाइनमैन पीएलवी एवं लेबल टू में ग्राम न्यायाधिकारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी, उपखंड अधिकारी, कनिष्ठ यंत्री विद्युत, थाना प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी की दो टीम समस्त विभागों के समन्वय से बनाई गई है, जो मामलों के निराकरण के लिए कार्य करेंगी तथा समीक्षा के लिए लेबल 3 की टीम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला अभियोजन अधिकारी का गठन किया गया है।

**ऐसे प्रकरणों का होगा निराकरण** – आम जन को विभागों से होने वाली समस्याओं सहित न्याय पालिका, राजस्व पुलिस, वन, विद्युत एवं नगरपालिका के राजीनामा योग्य लंबित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इस योजना के तहत भी नि:शुल्क अधिवक्ता की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं विभागों में आपसी समन्वय के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका रहेगी एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित लेबल 3 की कमेटी द्वारा की जाएगी। अन्य विभागों से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए कोई भी व्यक्ति अपने मोबाईल या कम्पयूटर के माध्यम से MPSLSA की वेबसाइट (www.mpslsa.gov.in) पर जाकर (समाधान आपके द्वार) नामक कॉलम पर क्लिक करके मांगी गई जानकारी भरकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। बैठक में कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने निर्देश दिए कि कि समाधान आपके व्दा र योजना के तहत कलस्टर स्तर पर शिविर आयोजित कर सभी विभाग के अधिकारी पक्षकारों से सम्पमर्क समन्वय कर, अपने विभाग से संबंधित अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। निराकृत प्रकरणों की संख्यात्माक जानकारी एवं प्रगति रिपोर्ट 18 फरवरी तक कलेक्टर कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाए।

### ✻सफलता की कहानी✻

# नल जल योजना ने माया बाई को हेंडपंप से छुटकारा दिलाया

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के गांव लिंबावास की रहने वाली श्रीमती माया बाई सोलंकी कहती है की, एकमात्र नल जल योजना ही ऐसी योजना है। जिसने मेरे जैसे कई महिलाओं को हेडपंप से निजात दिलाई। जब नल जल योजना नहीं थी तब हम कुए और हेड पंप से पानी लाते थे। कुए से पानी खींचना पड़ता था। जिससे हाथों में छाले हो जाया करते थे। हैड पंप चलाते थे। उससे भी हाथों में छाले हो जाते थे और पानी भी गांव से 1 किलोमीटर दूर से लाना पड़ता था। 1 किलोमीटर दूर से पानी उठाकर ला पाते थे। पानी लाने के कारण थकान बहुत हो जाती थी। बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। लेकिन जब से नल जल योजना आई है। उन सब मुसीबतों से छुटकारा मिल गया है। अब हमें पर्याप्त पानी मिलता है। पानी को लेकर अब कोई झगड़ा भी नहीं होता है। मैं तो खुश हूं। साथ ही उस वजह से मेरा परिवार भी बहुत खुश है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 77 | 2155 | 2296 |
| उड़द | 29 | 5152 | 8440 |
| सोयाबीन | 3771 | 4000 | 4680 |
| गैहु | 2151 | 2310 | 3170 |
| चना | 67 | 4700 | 6000 |
| मसुर | 263 | 5001 | 5861 |
| धनिया | 490 | 4101 | 6601 |
| लहसुन | 14500 | 10000 | 29500 |
| मैथी | 6251 | 4780 | 7121 |
| अलसी | 1061 | 4600 | 5160 |
| सरसो | 3000 | 4140 | 5100 |
| तारामीरा | 33 | 4340 | 4622 |
| इसबगोल | 6 | 11101 | 15401 |
| प्याज | 949 | 421 | 1401 |
| कलोंजी | 9 | 13701 | 16530 |
| डॉलर | 1 | 10425 | 10425 |
| तिल्ली | 1 | 14151 | 14151 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 680 | 5801 | 7970 |



महिलाओं के स्वावलंबन
और सम्मान के लिए
समर्पित मध्यप्रदेश सरकार
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
1.29 करोड़
लाड़ली बहनों को
₹1576 करोड़
की आर्थिक सहायता
एवं
56 लाख
सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों को
₹340 करोड़
का सिंगल क्लिक से अंतरण
तथा
₹134 करोड़
के विकास कार्यों का
भूमिपूजन और लोकार्पण
10 फरवरी, 2024 - पूर्वाह्न 11:30 बजे
रानी दुर्गावती महाविद्यालय
मण्डला, मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में नारी शक्ति के आर्थिक उत्थान को प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के जीवन को आत्मविश्वास से भर रही है।
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
• स्व-सहायता समूहों से 53 लाख से अधिक बहनें बनीं आत्मनिर्भर
• विशेष पिछड़ी जनजातियों की 1.97 लाख महिलाओं को ₹1550 करोड़ की सहायता
• प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 44 लाख से अधिक धात्री माताओं को ₹1600 करोड़ से अधिक की सहायता
• 82 लाख से अधिक महिलाओं को उज्ज्वला योजना में निःशुल्क गैस कनेक्शन
• 46 लाख हुआ लाड़ली लक्ष्मी परिवार
• मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में ₹55 हज़ार की सहायता
• महिला स्टार्ट-अप्स को विशेष प्रोत्साहन
• पंचायत एवं स्थानीय निकाय तथा शिक्षक भर्ती में 50% और शासकीय भर्तियों में 35% आरक्षण
D-11199/23
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

# फर्जी एनडीपीएस प्रकरण बनाकर अवैध वसूली का मामला विधानसभा में गूंजा

## मंदसौर विधायक विपिन जैन ने गृह विभाग देख रहे मुख्यमंत्री के समक्ष प्रश्नकाल के दौरान उठाया मामला



**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले सहित मंदसौर विधानसभा में निरंतर एनडीपीएस के मामले बनने एवं अनेक मामलो में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार संदेह किया जाता रहा है। जिले में लगातार अफीम उत्पादक किसानो एवं अन्य निर्दोष नागरिको पर झूठे प्रकरण बनाने की शिकायतो को लेकर मंदसौर विधानसभा के जनप्रिय विधायक श्री विपिन जैन ने मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जिनके पास गृह विभाग भी है प्रश्न उठाते हुये प्राप्त शिकायतो के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने को कहा।

विधायक श्री जैन ने प्रश्न के माध्यम से कहा कि यह सर्वविदित है कि मंदसौर जिला अफीम उत्पादकता के मामले में मध्यप्रदेश में श्रेष्ठ स्थान पर है। मंदसौर विधानसभा क्षेत्र सहित जिले में लगातार झूठे एनडीपीएस प्रकरण दर्ज किए जाने एवं अवैध वसूली की शिकायते आ रही है। विधायक श्री जैन के द्वारा प्रश्नोत्तर के दौरान उठाये गये मामले में गृह विभाग देख रहे मुख्यमंत्री श्री यादव द्वारा उत्तर में बताया गया है कि इस संबंध में 146 शिकायत प्राप्त हुई है और 15 से अधिक पुलिस कर्मियो पर इसके विरूद्ध प्रकरण भी दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि मंदसौर जिले में आए दिन मादक पदार्थों और एनडीपीएस के झूठे प्रकरणों को लेकर उत्पादक किसानों द्वारा शिकायतें दर्ज की जाकर असंतोष व्यक्त किया गया है। पिछले दिनों मंदसौर जिले के ग्राम बाजखेड़ी निवासी की आत्महत्या लेकर पिपलिया मंडी थाने का घेराव कर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर हजारों की संख्या में ग्रामीण जन पहुंचे थे और रूपयों की लेनदेन से प्रताड़ित होकर युवक की आत्महत्या को लेकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की थी। विधायक श्री जैन द्वारा मंदसौर जिले सहित मंदसौर विधानसभा में आ रही झूठे एनडीपीएस प्रकरणो को गंभीरता से लिया है। उन्होंने मंदसौर में मादक पदार्थों के लेनदेन संबंधी मामले बढने एवं अनेक मामलो में निर्दोष व्यक्तियो को फंसाने की शिकायतो को गंभीरता से लेने का आग्रह गृह विभाग देख रहे मुख्यमंत्री से किया।

# जुआ खेलते 7 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने जुआ खेलते हुए सात आरोपियों को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर नारायणगढ़ पुलिस ने मुन्देडी मार्ग पर बालाजी मंदिर के पास मकान की आड में ताशपत्ती से जुआ खेलते हुए नारायणगढ निवासी रवि भास्कर, आयुष बोराना, विजय यादव, जीवन बामनिया, जीवन ग्वाला, अशोक कुमावत व दिनेश माली को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से ताशपत्ती व नकदी जब्त की।

**जुआ खेलते 3 धराए**– पुलिस ने जुआ खेलते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिसने मुखबिर की सूचना पर कयामपुर में शराब दुकान के पास ताशपत्ती से जुआ खेलते हुए खण्डेरिया काचर निवासी प्रहलाद बलाई व परसराम बागरी व कयामपुर निवासी बन्टी मेहतर को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नकदी व ताशपत्ती जब्त की।

**जुआ खेलते 2 को पकड़ा** – पुलिस ने जुआ खेलते दो आरोपियों को पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते जीरन निवासी भेरुलाल ओड व बरखेड़ापंथ निवासी मेहरबानसिंह बावरी को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नकदी व ताशपत्ती जब्त की।

# चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और स्वामीनाथन को मिलेगा भारत रत्न, पीएम मोदी ने किया ऐलान

**नई दिल्ली, 9 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि देश के दो पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और नरसिम्हा राव को भारत रत्न से नवाजा जाएगा। साथ ही पीएम ने घोषणा की कि कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ। एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न दिया जाएगा।

पीएम ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता





पूरे देश को प्रेरित करने वाली है। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा देते हुए पीएम मोदी ने लिखा, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्री पीवी नरसिम्हा राव गारू को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में नरसिम्हा राव ने विभिन्न क्षमताओं में भारत की सेवा की। उन्हें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और कई वर्षों तक संसद और विधानसभा सदस्य के रूप में किए गए कार्यों के लिए समान रूप से याद किया जाता है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, देश की समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में सहायक था। प्रधान मंत्री के रूप में नरसिम्हा राव ने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला। इसके अलावा, भारत की विदेश नीति, भाषा और शिक्षा क्षेत्रों में उनका योगदान एक ऐसे नेता के रूप में उनकी बहुमुखी विरासत को रेखांकित करता है, जिन्होंने न केवल महत्वपूर्ण परिवर्तनों के माध्यम से भारत को आगे बढ़ाया बल्कि इसकी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को भी समृद्ध किया।

स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा करते हुए पीएम ने लिखा, यह बेहद खुशी की बात है कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ। एमएस स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए। हम एक अन्वेषक और संरक्षक के रूप में और कई छात्रों के बीच सीखने और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने वाले उनके अमूल्य काम को भी पहचानते हैं। डॉ। स्वामीनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल भारतीय कृषि को बदल दिया है बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और समृद्धि भी सुनिश्चित की है। वह ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें मैं करीब से जानता था और मैं हमेशा उनकी अंतदृष्टि और इनपुट को महत्व देता था।

# बालकवि बैरागी जन्मोत्सव आज, संस्था संकल्प द्वारा एक विशिष्ट आयोजन



**मनासा, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मनासा नगर की प्रमुख साहित्यिक, सामाजिक व संस्कृति सांस्कृतिक संस्था संकल्प के संयोजन एवम गांधी 150 (गांधी विचार मंच मनासा) के सह संयोजन में क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं देश के जाने-माने साहित्यकार श्री बालकवि बैरागी के जन्मोत्सव पर एक विशिष्ट आयोजन किया जा रहा है। इसमें साहित्य को समर्पित एवं देश भर के कवि सम्मेलनों में अग्रिम भूमिका निभाने वाली प्रेरणा ठाकरे, नीमच अपना प्रमुख वक्तव्य देगी।

इससे साथ ही समाजसेवी एवं श्री बालकवि बैरागी के पुत्र सुशील नंदन बैरागी 'बैरागी जी मुन्ना की नजर' में पर अपनी बात रखेंगे। उक्त जानकारी देते हुए संस्था संकल्प के कार्यक्रम संयोजक कैलाश पाटीदार कबीर (वरिष्ठ अधिवक्ता) ने बताया कि स्थानीय युवा एवं सृजन में लगे वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारा कविता पाठ किया जाएगा, साथ ही से बैरागी जी के फिल्मी गीतों को स्थानीय कलाकार अपना स्वर देंगे। यह कार्यक्रम 10 फरवरी को रात्रि 7 से 10 बजे तक स्थानीय विष्णु भोजनालय सभागार, बस स्टैंड, मनासा पर आयोजित होगा।

# जैन जिला जैल में विधायक प्रतिनिधि मनोनीत



**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस नेता एवं नगर के समाजसेवी कमलेश जैन को जिला जेल में विधायक विपिन जैन की अनुशंसा पर विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों मंदसौर विधायक विपिन जैन ने मंदसौर जिला जेल अधीक्षक को पत्र लिखकर जिला जेल में विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने हेतु निर्देश दिये गये थे। जिसके पालन में जिला जेल अधीक्षक ने पत्र जारी कर कमलेश जैन को जिला जेल में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री जैन की इस नियुक्ति के बाद उनके शुभचिंतकों, इष्टमित्रों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ग्राम पंचायतों में खेल प्रशिक्षक, लाइब्रेरी स्थापना और सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हो-विधायक

## पंचायतों में इसके लिये पर्याप्त राशि की व्यवस्था हो, नियमों में बदलाव करने की मांग

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा के सत्र के दौरान मंदसौर विधायक विपिन जैन द्वारा विधानसभा में पंचायतो में खेल प्रशिक्षक, लाइब्रेरी स्थापना व सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने संबंधी प्रश्न लगाकर शासन का ध्यान आकर्षित किया है। विधायक श्री जैन ने मांग की है कि यह तीनों ही विषय आवश्यक है क्योंकि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में और कई खेल प्रतिभाएं देश सेवा की तैयारी करने वाले नौजवान और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने वाले हजारों छात्र आते हैं।

विधायक श्री जैन के प्रश्न के उत्तर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा जानकारी दी गई है कि मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम राजस्व अधिनियम 1993 की धारा 70 मैं इसका उल्लेख है और जो भी ग्राम पंचायत है आवश्यकता अनुसार इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों के अनुमोदन से कर सकेंगे परंतु इसके लिए इसके लिए राशि की व्यवस्था पंचायत निधि की राशि से करने के निर्देश हैं जिसके कारण अधिकांश ग्राम पंचायत में इस और कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है क्योंकि पंचायत में पहले से ही पर्याप्त राशियों की उपलब्धता नहीं होती है। विधायक श्री जैन द्वारा मांग की गई है कि इसके लिए पर्याप्त फंड की व्यवस्था की जाकर ग्रामीण क्षेत्र की पंचायत में विभिन्न समाचार पत्र, मासिक पत्रिकाएं, कृषि मंथन के साप्ताहिक पत्र और प्रमुख पुस्तकों, स्वच्छता और खेल प्रशिक्षकों की स्थापना की मांग की गई है क्योंकि प्रदेश और देश के विकास मैं ग्रामीण क्षेत्र का भी महत्वपूर्ण योगदान है और इन्हें भी मूलभूत रूप से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इसके लिये मौजुदा नियमो को शिथिल करने की मांग भी विधायक श्री जैन ने मंत्री प्रहलासिंह पटेल से की।

# कलेक्टर 12 को ई-जनसुनवाई करेंगे

**नीमच, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन 12 फरवरी 2024 सोमवार को प्रात: 10.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ई-जनसुनवाई करेंगे। कलेक्टर श्री जैन ई-जनसुनवाई में नीमच क्षेत्र की ग्राम पंचायत केलुखेडा, सिरखेडा, नेवड, सोनियाना एवं मुंडला से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद कर, ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करेंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध-उप मुख्यमंत्री

## विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक अनुमान 30 हजार 265 करोड़ रुपये ध्वनि मत से पारित

**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री (वित्त, वाणिज्यिक कर एवं योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी) श्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक अनुमान 2023-24 में हुई चर्चा के बाद उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। अनुपूरक अनुमान में राज्य के सभी विभागों, वर्गों और क्षेत्रों की आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया है। पूंजीगत मद के व्यय में अधिक निवेश करने के प्रयास किये गये हैं, जिससे प्रदेश की आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी और प्रदेश का विकास होगा।उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि द्वितीय अनुपूरक अनुमान में किये गये प्रावधानों के लिये लगभग 2 हजार 29 करोड़ रुपये की राशि भारत सरकार और अन्य स्त्रोतों से तथा 28 हजार 338 करोड़ 42 लाख 64 हजार 642 रुपये संचित निधि से है। राजस्व मद के 10 हजार 173 करोड़ रुपये और 20 हजार 92 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पूंजीगत मद के हैं।उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि चल रही योजनाओं, कार्यक्रमों के लिये राशि की व्यवस्था के साथ जन-कल्याण की नवीन योजनाओं के लिये भी प्रावधान किये गये हैं। मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना, मुख्यमंत्री एयर एम्बुलेंस सेवा, प्रदेश के अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और कल्याण के लिये प्रधानमंत्री जन-मन योजना, मुख्यमंत्री सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना, उत्कृष्ट उच्च शिक्षा के लिये प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस योजना और धार्मिक स्थलों पर सुविधा के लिये मुख्यमंत्री हेली पर्यटन सेवाएँ प्रस्ताव में सम्मिलित हैं।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा लिये गये ऋण निर्धारित सीमाओं में हैं और ऋण एवं ब्याज का समय पर भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऋण का उपयोग अधोसंरचना विकास में हो रहा है, जिससे प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सक्षम नेतृत्व में गरीबों, महिलाओं, किसानों एवं युवाओं की कल्याणकारी योजनाएँ निरंतर जारी हैं। इन योजनाओं के लिये धन की कमी नहीं होने दी जायेगी।उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा के जवाब के बाद विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक अनुमान 2023-24 कुल राशि 30 हजार 265 करोड़ 15 लाख रुपये को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

# चिट्ठी ना कोई संदेश जाने वो कौन सा देश जहां तुम चले गये...

## दशपुर रंगमंच ने गजल सम्राट जगजीत सिंह का जन्मदिन मनाया




**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच द्वारा अपनी मखमली आवाज से रूह में उतरने का हुनर रखने वाले गजल सम्राट जगजीत सिंह का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक अभय मेहता ने कहा कि जगजीतसिंहजी आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी गजलें श्रोताओं की आत्मा को छू जाती है। आज भी वे यादों में बरकरार है।

संगीत निशा की शुरुआत आबिद भाई ने जगजीतसिंह की प्रसिद्ध गजल चिट्ठी ना कोई संदेश जाने वो कौन सा देश जहां तुम चले गये गाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। अपनी गजलों से लोगों का मनोरंजन करने वाले जगजीतसिंह के जीवन में गम अधिक थे ऐसी ही एक उनकी गजल वह कौन है दुनिया में जिसे गम नहीं होता को योगेश गोविंदानी ने गाया।

ललिता मेहता ने बचपन में लोटने की मंशा को दर्शाती गजल यह दौलत भी ले लो यह शोहरत भी ले लो, भले मुझसे छीन लो मेरी जवानी, मगर मुझको लौटा दो बचपन का सावन को बखूबी सुनया। राजा सोनी ने तू ही माता है तू ही पिता है हे राम हे राम को सुनाकर रामजी को नमन किया। डॉ. निलेश नगायच ने गजल कल चौदहवीं की रात थी तथा राजकुमार अग्रवाल ने देरों हरम में बसने वाले मकानों में फूट न डालो को सुनाया। वहीं रानी राठौर ने हम तो हैं परदेस में देश में निकला होगा चांद गजल को प्रस्तुत किया। हिमांशु सर ने होश वालों को खबर क्या बेखुदी क्या चीज है गाकर तालियां बटोरी। रोहित धानिया ने प्यार का पहला खत लिखने में वक्त तो लगता है तथा लोकेंद्र पांडे ने प्रसिद्ध गजल होठों से छू लो तुम मेरा गीत अमर कर दो को सुनाया। स्वाति रिछावरा ने यह तेरा घर यह मेरा घर किसी को देखना हो अगर सुनाकर जगजीतसिंहजी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन अभय मेहता ने किया एवं आभार नंदकिशोर राठौर ने किया। इस अवसर पर संगीत प्रेमी अजय डांगी, चंदा डांगी, नरेंद्र भावसार व अंजू भावसार उपस्थित रहकर गायकों का उत्साहवर्धन किया।

# वीपीएल का कल होगा फाइनल महा मुकाबला




**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित वात्सल्य प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट-2 का अंतिम लीग मैच मंदसौर मेवरिक्स एवं राज राईडर्स के बीच खेला गया। जिसमें राज राइडर्स ने 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 11 फरवरी, रविवार को सायं 6 बजे नूतन स्टेडियम में खेला जाएगा। सभी खेल प्रेमियों से वीपीएल-2 के इस फाइनल के महामुकाबले में उपस्थित होकर उत्साह वर्धन की अपील आयोजन समिति द्वारा की गई। इस टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से भी किया जा रहा है।

टूर्नामेंट के सातवें दिन हुए मंदसौर मेवरिक्स एवं राज राइडर्स के मुकाबले में मंदसौर मेवरिक्स ने निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाये। रमन दीप ने 23 गेंद में 33 रन (3 चौके 2 छक्के), कुवर पाठक ने 11 गेंद में 25 रन (2 चौके 2 छक्के), विशाल गोदरा ने 24 गेंद में 46 रन (3 चौके 4 छक्के), शुभम गढ़वाल ने 12 गेंद पर ताबड़तोड़ 36 रन (2 चौके 4 छक्के) की पारी खेलकर विशाल स्कोर खड़ा किया। राज राईडर्स के मोहित ने 3 विकेट लिये। इस विशाल स्कोर को राज राइडर्स के शुरुआती बल्लेबाजों ने बोना बना दिया और मात्र 1 विकेट खोकर 14.1 ओवर में 178 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। जिसमें अजय रोहरे ने नाबाद रहते हुए 40 गेंद पर 65 रन (5 चौके 3 छक्के) रन बनाये वहीं अर्थव जोशी ने आतिशी पारी खेलते 48 गेंद पर 97 रन (10 चौके 6 छक्के) बनाये। वह शतक से मात्र 3 रन दूर रहे और आउट हो गये। राज राइडर्स से 9 विकेट से जीत दर्ज की। बेहतरीन पारी खेलने वाले अर्थव जोशी मैन ऑफ द मैच रहे।

**विजेता टीम के ओनर को मिलेगी थार जीप**– प्रतियोगिता का फाइनल मैच कल रविवार को नूतन स्टेडियम में आयोजित होगा। जिसमें टूर्नामेंट की दो बेहतरीन टीमों के बीच महा मुकाबला होगा। इस टूर्नामेंट का ताज जो टीम पहनेगी उस टीम के ओनर को थार जीप, विजेता ट्रॉफी आयोजन समिति द्वारा प्रदान की जाएगी। वहीं उपविजेता टीम को बाईक दी जाएगी। साथ ही मैन ऑफ द सीरिज रहने वाले खिलाड़ी को होण्डा एक्टिवा स्कूटर दिये जायेंगे। साथ ही अन्य पुरस्कारों से भी खिलाड़ियों को नवाजा जाएगा। वात्सल्य प्रीमियम लीग-2 आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सभी खेल प्रेमियों, नगरवासियों से नूतन स्टेडियम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाने की अपील की है।

# दुर्घटना में मौत पर ट्रक ड्राइवर पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 6 नवम्बर 2023 को हिंगोरिया बड़ा से बालागुढ़ा गौरनी के कार्यक्रम में जा रहे हिंगोरिया बड़ा निवासी रामेश्वर पोरवाल (60) को बही फन्टे पर ट्रक (केए 41 डी 5268) के ड्राइवर ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी थी, जिन्हें उपचार के लिए मंदसौर के बाद उदयपुर भर्ती कराया था। 13 नवम्बर 2023 को उनकी मौत हो गई। मर्ग जांच पर विवेचना के बाद पिपलिया पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ धारा 304 ए में केस दर्ज किया।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत फरवरी माह की किश्त का अंतरण कार्यक्रम आज

**नीमच, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यीमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मुख्यभमंत्री लाडली बहना योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को फरवरी 2024 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से राज्य स्तरीय अंतरसण कार्यक्रम आज 10 फरवरी को प्रात: 11.30 बजे किया जावेगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण वेक कास्टि के माध्यम से सभी जिलों में, सभी वार्डो एवं ग्राम स्तर पर किया जावेगा। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री ताराचंद मेहरा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया, कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम के वेब कास्टग की लिंक webcast.gov.in/mp/cmevents है। ग्राम एवं वार्ड स्तरीय कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था के साथ ही महिला सशक्तिकरण थीम पर रंगोली, लोक गीत एवं लोकनृत्य, नुक्कड, नाटक एवं अन्य स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम में अधिकाधिक हितग्राहियों, लाडली बहना सेना एवं शौर्या दल के सदस्यों एवं लाडली लक्ष्मी बालिकाओं और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की भागीदारी एवं उपस्थिति सुनिश्चित की जावेगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जावेगा।

# शस्त्र लायसेंस निलंबित

**नीमच, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17(3)(ख) के तहत लायसेंसी प्रहलादसिह पिता श्री चतरसिह वडला, निवासी टोकरा, तहसील सिंगोली जिला नीमच को प्रदत्त लायसेंस क्रमांक 14/एमपी-एनएमएच/02 जावद को तत्काहल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# आरेख निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय पिपलिया में एक दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों ने अग्रणी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संतोष शर्मा से आरेख निर्माण के गुर सिखे। कार्यशाला संयोजक राधेश्याम कटारा ने बताया विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में मानचित्र तथा आरेखों के माध्यम से यदि उत्तर लिखे जाते है तो उन्हें अच्छे अंक प्राप्त होते है, जिससे समय की बचत भी होती है तथा लिखना भी कम पडता है। इस हेतु विज्ञान के सभी विषयों तथा कला संकाय के अर्थशास्त्र एवं भूगोल के विद्यार्थियों हेतु यह कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य आरके श्रीवास्तव ने बताया परीक्षा के मूल्यांकनकर्ताओं को आरेख तथा मानचित्रों के माध्यम से उत्तर अधिक प्रभावित करते है, क्योंकि उत्तरपुस्तिका ही विद्यार्थी का प्रतिनिधित्व करती है। विषय विशेषज्ञ डॉ. संतोष शर्मा ने बताया कि आरेख निर्माण में चारां ओर पर्याप्त स्पेस छोडना चाहिये, शीट का पूरा उपयोग करना चाहिये।

# राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के जीवन गोसर जिलाध्यक्ष नियुक्त



**मंदसौर, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. इन्द्रेश कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रिन्स जैन व प्रदेश उपाध्यक्ष श्री संजय पवार की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजीवसिंह सेंगर ने समाजसेवी श्री जीवन गोसर को मन्दसौर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही जीवन गोसर से आग्रह किया है कि वो जल्द ही संगठन के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर की जिले के अन्य पदों की नियुक्ति कर संगठन को मजबूती प्रदान करें। प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पंवार ने बताया कि हमारा संगठन गौसेवा व गौरक्षा के लिए पूरे देश में कार्य करता है। श्री जीवन गोसर लम्बे समय से समाजसेवा व धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहते है इनके इसी भाव को देखते हुए संगठन ने इनको जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। इस अवसर पर श्री जीवन गोसर ने कहा कि गोसेवा जैसे पुण्य कार्य के लिए जिले की जिम्मेदारी मिलना मेरे लिए गर्व एवं सौभाग्य की बात है मैं पूर्ण निष्ठा व सेवाभाव से पद की जिम्मेदारी निभाने का सार्थक प्रयास करूंगा। इनकी नियुक्ति की जानकारी मिलते ही लोगों का जीवन गोसर को बधाई देना निरंतर जारी है।

# दुर्घटना में घायल, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 9 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। रठाना निवासी रामेश्वर गायरी ने शिकायत दर्ज कराई कि झलारा निवासी दशरथ पिता कन्हैयालाल पाटीदार ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर बाइक से टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर

मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 09-02-2024

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदनलाल पिता अम्बालाल जाति गायरी, निवासी ग्राम कचनारा फ्लेग, तहसील दलौदा जिला मंदसौर द्वारा आवासीय मकान जो मकान नंबर-291 पर दर्ज होकर वार्ड नंबर-13 में स्थित होकर ग्राम कचनारा पलेग, पटवारी हल्का नंबर-38, तहसील दलौदा जिला मंदसौर है, जिसका सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 249392024ए1154024 दिनांक 07.02.2024 को श्रीमती तुलसी धनगर पति मदनलाल जी धनगर जाति गायरी, निवासी ग्राम कचनारा फ्लेग, पटवारी हल्का नंबर-38, तहसील दलौदा जिला मंदसौर को बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा निम्नवत है-

चर्तु:सीमा-पूर्व में-अम्बालाल जी, पश्चिम में-नवीबक्ष पिंजारा, कौशल्या बाई, उत्तर में-प्रधानमंत्री सड़क, दक्षिण में-भगवानजी गायरी, रास्ता। कुल क्षेत्राफल-1256 वर्गफीट यानी 116.68 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर मदनलाल पिता अम्बालाल जाति गायरी द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय

दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in